
# बार्नी बीगल

जीन बेथेल

चित्र: रूथ वुड





# बार्नी बीगल

जीन बेथेल

चित्र: रूथ वुड



# पालतू जानवरों की दुकान




पक्षी


मछली

पिल्ले

आप कैसे हैं?

मेरा नाम बार्नी बीगल है.






मैं एक पालतू जानवरों की दुकान में रहता हूँ.

ये सभी पिल्ले मेरे दोस्त हैं.

हमारा यहां समय काफी अच्छा बीतता है.



मुझे पालतू जानवरों की दुकान पसंद है.

लेकिन मैं यहां रहना नहीं चाहता हूँ.

मैं एक घर में रहना चाहता हूं - किसी लड़के के साथ.

मैं अपने लिए सही लड़के की प्रतीक्षा कर रहा हूं.

मुझे उम्मीद है कि वो जल्द ही आएगा.

देखो, यहाँ अब एक लड़का आ रहा है.

क्या वो मेरा लड़का है?

काश ऐसा ही हो.



पर नहीं, वो बॉक्सर का लड़का है.

कोई भी इस बात को देख सकता है.





लड़के ने बॉक्सर को खरीदने के लिए पैसे दिए.

अब वो बॉक्सर को घर ले जा रहा है.

वे बहुत खुश लग रहे हैं.

गुड-बाय, बॉक्सर!




काश मेरा लड़का जल्दी आए.

देखो, फिर कोई आ रहा है!

क्या वो मेरा लड़का है?

काश ऐसा ही हो.





नहीं, वो एक लड़की है.

वो लड़की एक पूडल चाहती है.

कोई भी इस बात को देख सकता है.




लड़की ने पूडल खरीदने के लिए पैसे दिए.

अब वो पूडल को अपने साथ घर ले जा रही है.

वो कितने खुश लग रहे हैं.

गुड-बाय, पूडल!

मुझे उम्मीद है कि मेरा लड़का जल्द ही आएगा.





देखो फिर कोई आ रहा है!

शायद वो मेरा ही लड़का हो!







नहीं, वो एक आदमी है.

मुझे पता है कि वो किस कुत्ते को चाहता है.

हाँ, वो एक शीप-डॉग चाहता है.

कोई भी इस बात को देख सकता है.






उस आदमी को शीप-डॉग के लिए पैसे देने होंगे.

अब वे घर जा रहे हैं.

वे बड़े खुश दिख रहे हैं.

गुड-बाय, शीपडॉग.




मैं अचरज कर रहा हूँ कि मेरा
लड़का कब आएगा?

हर रोज कोई न कोई लड़का-लड़की
पालतू जानवरों की दुकान पर आता है.



हर दिन कुछ और पिल्ले, उन लड़के-
लड़कियों के साथ उनके घर चले जाते हैं.

जाते समय वे सब कितने खुश लगते हैं!



मेरा लड़का कहाँ है?

वो कहाँ हो सकता है?




पालतू जानवरों की दुकान में आज केवल दो पिल्ले ही बचे हैं.

मैं, बार्नी बीगल,

और मेरे दोस्त स्पॉट.

हम अभी भी किसी लड़के प्रतीक्षा कर रहे हैं.

तभी कोई आता है.

दुकान में एक लड़का आता है!





हो सकता है, हो सकता है,

शायद वो मेरा लड़का हो!



नहीं, वो स्पॉट का लड़का है.

कोई भी इस बात को देख सकता है.






लड़के को स्पॉट के लिए पैसे देने होंगे.

अब वो स्पॉट को अपने साथ घर ले जा रहा है.

वे बहुत खुश लग रहे हैं.

गुड-बाय, स्पॉट. अलविदा.



अब मेरे सारे दोस्त चले गए हैं.

अब मैं बिल्कुल अकेला हूँ.

यहाँ अकेले रहने में कोई मज़ा नहीं है.

काश मेरा लड़का जल्दी आता.

देखो अब कोई फिर आ रहा है!

शायद मेरा लड़का!

शायद—आखिरकार—





नहीं, वो मेरा लड़का नहीं है.

कोई भी इस बात को देख सकता है.



छेड़खानी बंद करो!

यहाँ से चले जाओ!

मुझे छोड़ दो!

बंद करो छेड़खानी!





वो लड़का मुझे चाहता है.

लेकिन मैं उसे नहीं चाहता हूँ.

वह मुझे घर ले जाना चाहता है.

लेकिन मैं उसके साथ हरगिज़ नहीं जाऊंगा.





रुको!

वो लड़का पागल है.

लेकिन मैं खुश हूं.





मैं उसे जाते हुए देखकर खुश हूं.

लेकिन मुझे अब यहां अकेले अच्छा नहीं लग रहा है.

मुझे उम्मीद है कि मेरा लड़का मेरे लिए ज़रूर आएगा.



बहुत देर हो गई है.

दुकान का मालिक अपने घर जाना चाहता है.

आज रात मुझे बिल्कुल अकेले ही रहना पड़ेगा.

मुझे लगता है कि मेरा लड़का कभी नहीं आएगा.



देखो, कोई आ रहा है!

मैं बहुत उत्सुक हूँ.

शायद, शायद, शायद



वो एक लड़का है!

वो मेरा ही लड़का है!

कोई भी इसे देख सकता है.

तुम्हें देख कर मुझे इतनी खुशी हुई है!

तुमने आने में इतना समय क्यों लगाया?



अब उस लड़के को मुझे खरीदने के
लिए पैसे देने होंगे.

फिर वो मुझे अपने घर ले जा सकेगा.





चलो चलते हैं. चलो चलते हैं.

चलो न! तुम चलते क्यों नहीं?

तुम घर क्यों नहीं चलते हो?



दुकान का मालिक पैसों को गिन रहा है.

"तुम्हें और पैसे देने होंगे," उसने मेरे लड़के से कहा.



मेरा लड़का बहुत उदास लग रहा है.

"मेरे पास सिर्फ इतने ही पैसे हैं," लड़के ने कहा.



लड़के के पास मुझे खरीदने लायक पैसे नहीं हैं!

वो मुझे घर नहीं ले जा सकता है!



"कृप्या?" मेरा लड़का कहता है.


"देखिये, वो एक बहुत छोटा कुत्ता है."

दुकान के मालिक ने पहले मुझे देखा.

फिर उसने मेरे लड़के को देखा.

वो सोचता है और सोचता है और सोचता है.





फिर वो हंसता है.

"हाँ," वो कहता है. "बार्नी एक बहुत छोटा कुत्ता है.

और मैं घर जाने से पहले उसे बेचना चाहता हूं.

हाँ, तुम उसे ले सकते हो."



हुर्रे! हुर्रे!

अब मेरे पास मेरा लड़का है!



"चलो, बार्नी," मेरा लड़का कहता है.

"चलो घर चलें."





गुड-बाय, पालतू जानवरों की दुकान.

अलविदा, पालतू जानवरों की दुकान के मालिक.

अब मैं अपने लड़के के साथ उसके घर जा रहा हूँ!



मुझे लगता है कि हर कुत्ते का
एक लड़का होना चाहिए.

क्यों है ना?

समाप्त